सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	वैशाख 06, मंगलवार, शाके 1944-अप्रेल 26, 2022 *Vaisakha 06, Tuesday , Saka 1944- April 26, 2022*	

भाग 1 (क)

नियुक्तियों, छुटिटयों आदि के संबंध में समस्त विज्ञप्तियों।

ऊर्जा विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अप्रेल 8, 2022

संख्या प० 23 (3) ऊर्जा/ 2015 पार्ट :-विद्युत अधिनियम , २००३½(२००३ का केन्द्रीय अधिनियम संख्या ३६) की धारा १६२ की उप-धारा (१) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये राज्य सरकार एतदद्वारा वर्तमान में ऊर्जा विभाग राजस्थान के अधीन विपरीत प्रतिनियुक्ति पर सहायक विद्युत निरीक्षक का पद धारण कर रहे निम्नलिखित व्यक्तियो को विपरीत प्रतिनियुक्त अवधि समाप्त होने तक उक्त अधिनियम के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग और कर्तव्यों का पालन करने के लिये सम्पर्ण राजस्थान राज्य के लिये विद्युत निरीक्षक के रूप में नियुक्त करती है, अर्थात-

१. श्री जितेन्द्र सिंह शेखावत

२. श्री विक्रम सिंह चांदावत

विद्युत निरीक्षक के रूप में इस प्रकार नियुक्त व्यक्ति, ऐसे निबंधनों के अध्यधीन जो राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर, उन पर अधिरोपित किये जावे, उसे क्षेत्र में शक्तियों का प्रयोग और कर्तव्यों का पालन करेंगे जो उन्हे समनुदेशित किये जाये।

राज्यपाल की आज्ञा से,

चन्द्र प्रकाश चावला,
वरिष्ठ शासन उप सचिव।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय, जयपुर।